राज्य के 14,386 सरकारी स्कूलों में ‘फर्स्ट-एड बॉक्स’

चर्चा में क्यों?

30 सितंबर, 2021 को हरियाणा सरकार ने राज्य के 14,386 सरकारी स्कूलों में प्राथमिक उपचार के समय काम आने वाली दवाओं से युक्त ‘फर्स्ट-एड बॉक्स’ स्थापित करने की तैयारी शुरू कर दी है।

प्रमुख बिंदु

- हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के माध्यम से सरकार ने प्रदेश के 11,049 प्राइमरी व 3,337 सेकेंडरी स्कूलों में ‘फर्स्ट-एड बॉक्स’ की किट खरीदने के लिये बजट निर्धारित किया है।
- इसके लिये परिषद ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिये कुल करीब 3 करोड़ रुपए की राशि भी जारी कर दी है। प्रत्येक स्कूल के लिये 2,000 रुपए निर्धारित किये गए हैं।
- इसके तहत विज्ञान के अध्यापक को ‘फर्स्ट-एड’ का प्रशिक्षण देकर इंचार्ज बनाया जाएगा।
- स्कूली बच्चों को तुरंत प्राथमिक उपचार प्रदान करने हेतु सरकार ने ‘स्कूल स्तर पर बचाव व सुरक्षा के लिये फंड’ योजना के तहत प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों हेतु 2 करोड़ 87 लाख 72 हज़ार रुपए जारी किये हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/first-aid-box-in-14,386-government-schools